अजीत समाचार 17/04/2024

कॉमर्स फैस्ट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले विद्यार्थी।

स्टेट लेवल कॉमर्स फेस्ट में छाए जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी

अम्बाला कैंट, 16 अप्रैल (अग्रवाल): गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अम्बाला कैंट में कॉमर्स विभाग द्वारा स्टेट लेवल 'कॉमर्स फेस्ट' का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुंडू को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुंडू ने जानकारी देते हुए बताया कि गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अम्बाला कैंट द्वारा कॉमर्स फेस्ट का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग डिबेट, पीपीटी, एक्सटेंपोर, टैगलाइन, आर्टिकल राइटिंग, क्विज, लोगों रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।